# भारतीय जनता पार्टी

**(**केंद्रीय कार्यालय**)**
6A, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली

13 नवंबर 2023, सोमवार

## केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता श्री अमित शाह द्वारा मध्य प्रदेश के सिरोंज, चचौड़ा, राघोगढ़ और चंदेरी विधानसभाओं में आयोजित विशाल जनसभाओं में दिए गए उद्बोधन के मुख्य बिंदु

**17 तारीख को दिया आपका एक-एक वोट तय करेगा कि 5 साल में मध्य प्रदेश कांग्रेस के शासन में बीमारू प्रदेश बनेगा या भाजपा के सुशासन में बेमिसाल प्रदेश बनेगा।**

**********************

**कांग्रेस मध्य प्रदेश की जनता को 5 गारंटी दे रही है, जिसकी खुद की कोई गारंटी नहीं वो गारंटी बाँट रहे हैं। मोदी जी ने पिछले 9 वर्षों में जो कहा था, वह कर के दिखाया है।**

**********************

**कांग्रेस परिवारवाद वाली पार्टी है, भ्रष्टाचारियों का टोला है। ये मध्य प्रदेश और देश का कभी भला नहीं कर सकती है।**

**********************

**कांग्रेस ने हमेशा ओबीसी समाज का अपमान किया। जब मंडल कमीशन की रिपोर्ट आई तो कांग्रेस ने कई वर्षों तक उसे दबा कर रखा।**

**********************

**राजीव गांधी ने किया था मंडल कमीशन को लागू करने का विरोध।**

**********************

**कांग्रेस शासन में जिस चम्बल क्षेत्र को बागियों, डाकुओं और गैंग का अड्डा माना जाता था, वहाँ भाजपा शासन में एक भी गैंग नहीं बची। जहाँ कभी बागियों की दहाड़ होती थी, वहाँ अब माँ का दरबार सज रहा है।**

**********************

**कांग्रेस सरकारों ने मध्य प्रदेश को बीमारू राज्य बना रखा था। भाजपा ने 18 साल के भीतर मध्य प्रदेश को बीमारू राज्य से बेमिसाल राज्य बनाने का काम किया। अब भाजपा 'बेस्ट' मध्य प्रदेश के लिए काम करेगी।**

**********************

**करप्शननाथ (कमलनाथ) और बंटाधार (दिग्विजय) की जोड़ी मध्य प्रदेश का कभी भला नहीं कर सकती है। ये सिर्फ एक-दूसरे के कपड़े फाड़ने में व्यस्त हैं।**

*********************

**कमलनाथ सरकार ने शिवराज जी द्वारा शुरू जनकल्याण की 51 योजनाओ को बंद किया था। यदि गलती से भी कमलनाथ जी की सरकार आ गई तो ये सबसे पहले लाडली लक्ष्मी योजना को बंद करने का काम करेंगे।**

*********************

**मध्य प्रदेश में एक ओर कमलनाथ और दिग्विजय सिंह अपने बेटों को मुख्यमंत्री बनाना चाहते हैं, वहीं दूसरी ओर, सोनिया गांधी जी अपने बेटे राहुल गांधी को प्रधानमंत्री बनाना चाहती हैं। जो लोग अपने बेटे-बेटियों के लिए राजनीति में हैं, वे मध्य प्रदेश और देश का क्या भला करेंगे?**

******************

**कांग्रेस पार्टी ने हमेशा हमारे तीर्थ स्थलों व भारतीय संस्कृति का अपमान किया। वहीं मोदी जी ने भारत के अनेकों सांस्कृतिक प्रतीकों को का पुनरुद्धार करने का काम किया।**

******************

**अनेक तीर्थ धाम होने के बावजूद मध्य प्रदेश में पर्यटकों की संख्या सिर्फ 64 लाख थी। भाजपा के शासन में यहां पर्यटकों की संख्या 64 लाख से बढ़कर 9 करोड़ हो गई है।**

******************

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता श्री अमित शाह ने आज मध्य प्रदेश के विदिशा (सिरोंज विधानसभा), गुना (चाचोड़ा विधानसभा), गुना (राघोगढ़ विधानसभा), नई सराय (चंदेरी विधानसभा) एवं किला चौक (दतिया विधानसभा) में आयोजित विशाल जनसभाओं को संबोधित किया और मध्य प्रदेश की जनता से राज्य में सुशासन एवं विकास के लिए आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा का डबल इंजन वाली सरकार बनाने की अपील की।

श्री शाह ने कहा कि **मध्य प्रदेश की जनता 17 तारीख को मध्य प्रदेश विधानसभा के लिए वोट करने वाली है। जब लोग कमल का बटन दबाएंगे तब लोग भारतीय जनता पार्टी के विधायक बनाने के लिए वोट नहीं डालेंगे, बल्कि मध्य प्रदेश और देश का भविष्य तय करने के लिए मतदान करेंगे। एक ओर परिवारवादी पार्टी कांग्रेस है तो दूसरी ओर मोदी जी के नेतृत्व में देश को सुरक्षित करने वाली भारतीय जनता पार्टी है।** 2003 में जब मध्य प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी, उससे पहले 10 साल तक बंटाधार दिग्विजय सिंह की कांग्रेस सरकार थी, जिसने मध्य प्रदेश को बीमारू राज्य बना रखा था। मध्य प्रदेश में न बिजली थी, न सड़कें थीं और न विकास का नामोनिशान था, लेकिन **भारतीय जनता पार्टी ने 18 साल के भीतर मध्य प्रदेश को बीमारू राज्य से बेमिसाल राज्य बनाने का काम किया।** उन्होंने मध्य प्रदेश की जनता से कहा कि वे मोदी जी पर भरोसा करें और भाजपा को आशीर्वाद दें और वोट करें - **भारतीय जनता पार्टी बेमिसाल मध्य प्रदेश को 'बेस्ट' मध्य प्रदेश बनाने के लिए काम करेगी। मध्य प्रदेश में एक ओर कमलनाथ और दिग्विजय सिंह हैं जो अपने बेटों को मुख्यमंत्री बनाना चाहते हैं, वहीं दूसरी ओर, केंद्र में सोनिया गांधी जी अपने बेटे राहुल गांधी को प्रधानमंत्री बनाना चाहती है। जो लोग अपने बेटे-बेटियों के लिए राजनीति में हैं, वे मध्य प्रदेश और देश का क्या भला करेंगे? देश का भला आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में केवल और केवल भारतीय जनता पार्टी ही कर सकती है।**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कमलनाथ और दिग्विजय सिंह (बंटाढार) की जोड़ी पर निशाना साधते हुए कहा कि **जब 2003 में कांग्रेस सरकार की मध्य प्रदेश से विदाई हुई थी तब राज्य का बजट केवल ₹23,000 करोड़ था लेकिन भाजपा ने महज बीते 18 वर्षों में बजट को बढ़ाकर 3 लाख 14 हजार करोड़ रुपये कर दिया है। कांग्रेस शासनकाल में एससी- एसटी और ओबीसी वर्ग कल्याण के लिए ₹1,000 करोड़ का बजट आवंटित था, वहीं आज भाजपा ने इसे बढ़ाकर ₹65 हजार करोड़ कर दिया है। कांग्रेस सरकार MSP (न्यूनतम समर्थन मूल्य) पर गेहूं की खरीदी सिर्फ 4.5 लाख मेट्रिक टन करती थी, भाजपा के नेता श्री शिवराज सिंह के कार्यकाल में भाजपा सरकार ने 71 लाख मेट्रिक टन गेहूं किसानों से न्यूतम समर्थन मूल्य पर खरीदा है।** कांग्रेस राज में केवल 620 मेडिकल सीटें हुआ करती थी, भाजपा सरकार ने 620 से 4,000 सीटें कर दी है। कांग्रेस की नई '5-गारंटी' पर व्यंग्य करते हुए श्री उन्होंने कहा कि **कांग्रेस पार्टी मध्य प्रदेश की जनता को 5 गारंटी देने आई है, किन्तु वास्तव में उनके पास खुद की कोई गारंटी नहीं है जबकि दूसरी ओर आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने पिछले 9 वर्षों में जो कहा था, वह कर के दिखाया है।**

श्री शाह ने कहा कि **10 वर्ष तक केंद्र में कांग्रेस की सोनिया-मनमोहन सरकार थी, उस वक्त मध्य प्रदेश के लिए केवल ₹2 लाख करोड़ आवंटित किये गए किन्तु मोदी जी ने इस राशि को बढ़ाकर ₹6 लाख 35 हजार करोड़ केवल 9 वर्षों में कर दिखाया।** भाजपा सरकार ने मध्य प्रदेश में रेल, हवाई अड्डे, मेट्रो, वंदे भारत, नए मेडिकल कॉलेज, आईआईटी, रीवा-सोलर पावर प्लांट, आदि नए-नए आधारभूत संरचनाओं (इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट) का विकास किया। **इन परियोजनाओं के लिए अलग से ₹5 लाख करोड़ भी राज्य को दिए गए।** श्री शिवराज सिंह चौहान जी ने महाकाल लोक और आदिशंकर जी की विशालकाय प्रतिमा बनवाकर दुनियाभर में नाम कमाया है।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने केवल गरीबी हटाओ का नारा दिया, गरीबी नहीं हटाई। हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने देश के 60 करोड़ गरीबों के जीवन स्तर को ऊपर उठाने का कार्य किया है। मध्य प्रदेश में 93 लाख किसानों को प्रति वर्ष ₹6000 देने का काम मोदी सरकार ने किया है। **राज्य में वापस भाजपा की डबल इंजन की सरकार बनने पर ₹6,000 की राशि को दुगना कर ₹12,000 कर दिया जाएगा।** प्रदेश की बहनों के उत्थान के लिए 'लाडली लक्ष्मी योजना' कि शुरुआत की गई जिसके चलते घर-घर में माताओं- बहनों का जीवन आसान हुआ। **भाजपा के कार्यकाल में 65 लाख गरीबों के घर में नल से जल पहुंचाया गया।** लगभग 3 करोड़ 70 लाख लोगों को ₹5 लाख तक की मुफ़्त स्वास्थ्य सेवा भी प्रदान की गई। **राज्य में भाजपा के पुनर्स्थापन के बाद आयुष्मान भारत स्वास्थ्य सेवा की रकम को ₹5 लाख प्रति व्यक्ति से बढ़ाकर ₹10 लाख प्रति व्यक्ति कर दिया जाएगा।** भाजपा सरकार ने 80 लाख गरीबों के घर में शौचालय बनाए। 5 करोड़ गरीबों के घर में मुफ़्त में अनाज वितरित किये गए। मोदी जी को 2024 में पुनः प्रधानमंत्री बनाने पर अनाज सेवा आने वाले 5 वर्षों तक चालू रहेगी। भाजपा सरकार ने 82 लाख माताओं- बहनों को उज्वला योजना के तहत गैस सिलिंडर दिए। उन्होंने जनता को आश्वस्त कराया कि, **गैस के दाम कितने भी बढ़े, मध्य प्रदेश की माताओं-बहनों को केवल ₹450 में सिलिंडर मिलता रहेगा।** मोदी सरकार ने 36 लाख से अधिक गरीबों के घर बनाए हैं। आने वाले दिनों में 6 नए एक्सप्रेस-वे बनाकर सम्पूर्ण मध्य प्रदेश को रोड के जाले से बुनने का काम किया जाएगा। आज मध्य प्रदेश में 5 लाख 10 हजार किलोमीटर सड़कों का विकास हो चुका है, पहले कांग्रेस के शासनकाल में मध्य प्रदेश में 64 लाख पर्यटक आया करते थे, जिसकी संख्या भाजपा की सरकार में बढ़कर अब 9 करोड़ पर्यटक की हो गई है। कांग्रेस शासनकाल में प्रति व्यक्ति आय ₹11,000 रुपये थी, जो भाजपा सरकार में बढ़ कर ₹1 लाख 40 हजार हो गई है। चंद्रयान जिस जगह उतरा उस जगह का नाम शिव शक्ति रख मोदी जी ने भारतीय लोगों का गौरव बढ़ा है। **कांग्रेस पार्टी कभी भारतीय संस्कृति का सम्मान नहीं कर सकती। जब मां नर्मदा के जयकारे भी लगते हैं, तब भी उन्हें तकलीफ होती है। चाहे राजा भोज के नाम पर ट्रेन चलाया जाए या रानी कमलापति और तांत्या भील के नाम पर रेल्वे स्टेशन, उनकी अपत्ति हर जगजाहिर है।**

श्री शाह ने कहा कि 70 साल से कांग्रेस पार्टी ने धारा 370 को अपनी तुष्टिकरण और वोट बैंक की राजनीति के चलते लटका कर रखा था लेकिन मोदी जी ने 5 अगस्त 2019 को धारा 370 को उखाड़ कर फेंक दिया और हमेशा के लिए कश्मीर को भारत का अटूट हिस्सा बना दिया। उस समय कांग्रेस के राहुल बाबा कहते थे कि अगर धारा 370 हटी तो भूचाल आ जाएगा, खून की नदियां बहेंगी। आज धारा 370 को हटे 4 वर्ष बीत चुके हैं लेकिन खून की नदियां तो दूर की बात, आज तक किसी ने एक कंकड़ उठाने की भी हिम्मत नहीं की। जब सोनिया-मनमोहन के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार थी तब आए दिन पाकिस्तान से आलिया-मालिया-जमालिया घुस जाते थे और बम धमाके करते थे। तब मौनी बाबा मौन धारण किए सब देखते थे उन मौनी बाबा के मुखारविंद से एक शब्द नहीं निकलता था। परंतु मोदी जी के समय में उरी और पुलवामा हमलें में पाकिस्तान से आए आतंकवादी भूल गए थे कि अब सरकार बदल चुकी है। 10 दिन के भीतर ही पाकिस्तान के घर में घुसकर सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक कर आतंकवादियों की धज्जियां उड़ाने का काम और देश की सीमाओं को सुरक्षित करने का काम मोदी सरकार ने किया है।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि 2013 में भारत की अर्थव्यवस्था 11वें स्थान पर थी जिसे आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र की भारतीय जनता पार्टी सरकार ने मात्र 9 साल में 5वें पर ला खड़ा किया। कांग्रेस ने हमेशा तिरंगे का अपमान किया लेकिन मोदी जी तिरंगे को चंद्रयान के साथ चंद्रमा पर भेजने का काम किया। G-20 के सफल आयोजन से भारत ने पूरी दुनिया को देश के एक नए रूप से परिचय कराया और दिल्ली डेक्लरैशन के माध्यम से दुनिया भर में भारत के कूटनीति का परचम लहराया। **आदरणीय प्रधानमंत्री जी ने विधानसभा और लोकसभा में महिलाओं को 33% आरक्षण देकर मातृशक्ति का सम्मान किया है।**

**भारत के अनेकों सांस्कृतिक प्रतीकों को का सम्मान भी मोदी जी के कार्यकाल में हुआ। उज्जैन में महाकाल लोक का निर्माण हुआ, काशी विश्वनाथ कॉरिडर का निर्माण हुआ, सोमनाथ मंदिर का स्वर्ण से नवनिर्माण किया जा रहा है और साथ ही बद्रीनाथ और केदारनाथ पुनरुद्धार का कार्य भी प्रगति पर है।**

श्री शाह ने राम मंदिर निर्माण के मुद्दे पर कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि जब से देश आजाद हुआ है, तब से कांग्रेस पार्टी राम मंदिर के मुद्दे को लटका, भटका और अटका रही थी, लेकिन आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने अयोध्या में राम मंदिर का भूमि पूजन कर इसके निर्माण का मार्ग प्रशस्त किया और अब 22 जनवरी को वहां प्राण प्रतिष्ठा होने वाली है। राहुल बाबा रोज ताना मारा करते थे कि 'मंदिर वहीं बनाएंगे पर तारीख नहीं बताएंगे'। कांग्रेस के नेता कान खोल कर सुन लें, **22 जनवरी 2024 को रामलला अपने मंदिर में विराजमान होने वाले हैं। राम मंदिर दर्शन के लिए मध्य प्रदेश की जनता को एक रुपए भी नहीं खर्च करना पड़ेगा क्योंकि  भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में यह घोषणा की है कि मध्य प्रदेश में सरकार बनने पर वह बारी-बारी से प्रत्येक मध्य प्रदेश वासी को रामलला के दर्शन करवाएगी। कांग्रेस न देश का विकास कर सकती है और न मध्य प्रदेश का। कमलनाथ घपले, घोटाले और भ्रष्टाचार के सिवा कुछ नहीं कर सकते** परंतु शिवराज जी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने 18 साल के कार्यकाल में मध्य प्रदेश को विकसित राज्य बनाया है और एक और 5 साल का कार्यकाल मिलने पर मध्य प्रदेश को सम्पूर्ण देश मे प्रथम स्थान का राज्य बनाएंगे।

*******************